

# सिंगरौली में सब रजिस्ट्रार पर संगीन आरोप

## अधिवक्ता ने लगाए जातिसूचक गाली, धमकी और अवैध वसूली के गंभीर आरोप, ऑडियो वायरल से मचा हड़कंप

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 24 अप्रैल। जिले में पदस्थ उप पंजीयक अशोक सिंह परिहार एक बार फिर गंभीर विवादों के घेरे में आ गए हैं। बैढ़न निवासी एक अधिवक्ता ने उच्च अधिकारियों को विस्तृत शिकायत पत्र सौंपते हुए आरोप लगाया है कि जमीन रजिस्ट्री के नाम पर उनसे अवैध रूप से 50 हजार रुपये की मांग की गई, साथ ही जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर सार्वजनिक रूप से अपमानित किया गया और पैसे न देने पर आपराधिक मामला दर्ज कराने की धमकी भी दी गई। वहीं वायरल वीडियों की पुष्टि नवभारत समाचार पत्र नही करता है।**

शिकायत में उल्लेख किया गया है कि 16 दिसंबर 2025 को जमीन रजिस्ट्री की प्रक्रिया के दौरान अतिरिक्त रकम की मांग की गई थी। अधिवक्ता के अनुसार पहले 6 मार्च 2026 को यूटीआर नंबर के माध्यम से 15 हजार रुपये का ऑनलाइन भुगतान किया गया। इसके बाद 30 मार्च 2026 को रजिस्ट्री आईडी क्रमांक 30032600574749 के तहत 40 हजार रुपये का भुगतान किया गया। वहीं 31 मार्च 2026 को रजिस्ट्री आईडी 31032600593661 के अंतर्गत 10 हजार रुपये और जमा किए गए। इस प्रकार कुल भुगतान और लेन-देन का पूरा विवरण आवेदन पत्र में संलग्न किया गया है, जिससे आरोपों को प्रमाणित करने का प्रयास किया गया है। शिकायतकर्ता ने यह भी आरोप लगाया है कि उप पंजीयक के एक रिश्तेदार साहिल के माध्यम से भी लगातार दबाव बनाया गया और भुगतान के लिए मानसिक रूप से प्रताड़ित किया गया। इस पूरे मामले में नया मोड़ तब आया जब एक कथित ऑडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया। वायरल ऑडियो में कथित रूप से एक व्यक्ति यह कहते हुए सुनाई दे रहा है कि अभी तक पैसा क्यों नहीं जमा किया, अगर नहीं किया तो सीधे थाने में अपराध दर्ज करा दूंगा। इस ऑडियो के सामने आने के बाद न केवल जिले में बल्कि प्रदेश स्तर पर भी चर्चा तेज हो गई है और प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। वहीं वायरल ऑडियो ने जिला प्रशासन और प्रदेश सरकार की छवि को भी प्रभावित किया है। आमजन में यह सवाल उठ रहा है कि यदि शिकायतों के साथ प्रमाण और ऑडियो जैसी सामग्री मौजूद है, तो आखिर अब तक सख्त कार्रवाई क्यों नहीं की गई।




### 9 वर्षो से सिंगरौली में पदस्थ हैं उप पंजीयक

गौरतलब है कि उप पंजीयक अशोक सिंह परिहार पिछले लगभग 9 वर्षों से सिंगरौली जिले में पदस्थ हैं। इतने लंबे समय तक एक ही स्थान पर पदस्थ रहने को लेकर भी सवाल उठते रहे हैं। स्थानीय स्तर पर उनके खिलाफ पहले भी भ्रष्टाचार और अन्य अनियमितताओं की शिकायतें सामने आ चुकी हैं। बताया जा रहा है कि इन शिकायतों की जांच भी हुई, लेकिन अब तक किसी ठोस कार्रवाई का अभाव बना हुआ है। सूत्रों के अनुसार सिंगरौली विधायक द्वारा भी इस मामले सहित अन्य शिकायतों को लेकर मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री और श्रम मंत्री तक अपनी बात पहुंचाई जा चुकी है। इसके बावजूद संबंधित अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई न होना कई सवाल खड़े करता है। लोगों के बीच यह चर्चा भी है कि भोपाल स्तर पर बैठे कुछ विभागीय अधिकारियों और राजनीतिक संरक्षण के चलते कार्रवाई प्रभावित हो रही है।

### उप पंजीयक कार्यालय में दलालों का बोलबाला

कलेक्ट्रेट परिसर स्थित उप पंजीयक (सब रजिस्ट्रार) कार्यालय इन दिनों चर्चाओं में बना हुआ है। यहां कार्यालय समय के दौरान आधा दर्जन कथित दलालों की लगातार मौजूदगी पर सवाल उठने लगे हैं। आम लोगों के बीच यह चर्चा तेज है कि ये लोग आखिर किस काम से दफ्तर में बने रहते हैं और उनकी भूमिका क्या है, यह स्पष्ट नहीं हो पा रहा है। सूत्रों के हवाले से यह भी आरोप लगाए जा रहे हैं कि इन व्यक्तियों को अंदरूनी संरक्षण प्राप्त है, जिसके चलते वे खुलेआम कार्यालय परिसर में सक्रिय रहते हैं। बताया जा रहा है कि दस्तावेजों के पंजीयन से जुड़े कार्यों में दलाली और वसूली की शिकायतें भी सामने आ रही हैं, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। चर्चा में जिन नामों का जिक्र हो रहा है, उनमें बुद्धसेन सिंह, साहिल सिंह और राजेंद्र दुबे शामिल हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि इनकी भूमिका की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए, ताकि सच्चाई सामने आ सके। अब देखना होगा कि प्रशासन इन आरोपों को कितना गंभीरता से लेता है और क्या जांच के जरिए स्थिति स्पष्ट हो पाती है।

# मॉडल विद्यालय के पास पलटा रेत से भरा हाइवा

## एक ही परिवार के 9 लोग सुरक्षित, बड़ा हादसा टला



नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 24 अप्रैल। जियावन क्षेत्र में गुरुवार-शुक्रवार की दरम्यानी रात करीब 2 बजे एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। मॉडल विद्यालय के पास रेत से लोड एक हाईवा यूपी 63 बीटी 3879 अचानक अनियंत्रित होकर पलट गया। वाहन एक मकान से महज कुछ कदम की दूरी पर जाकर रुका, जिससे अंदर मौजूद एक ही परिवार के 9 लोगों की जान बाल-बाल बच गई।**

जानकारी के अनुसार हादसे के समय कौशल कोल उनकी पत्नी ऐतवारिया कोल सहित परिवार के अन्य सदस्य दीपू, मन्नू, रानी व देवकली घर के भीतर मौजूद थे। यदि हाईवा थोड़ा और आगे बढ़ जाता, तो जनहानि तय मानी जा रही थी। इसी दौरान पास में एक बारात भी ठहरी हुई थी। द्वार पूजा के बाद कुछ महिलाएं पास के सार्वजनिक हैंडपंप पर पानी लेने पहुंची थीं, लेकिन अचानक वाहन पलटते देख वे समय रहते हट गईं। हादसे में सार्वजनिक हैंडपंप पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

स्थानीय लोगों का कहना है कि इसी हैंडपंप से सैकड़ों लोगों की रोजमर्रा की पानी की जरूरत पूरी होती थी, जिसके टूटने से अब जल संकट गहरा गया है।

### एक नजर में

#### सीईओ ने अधिकारियों को दिए दिशा निर्देश



**सिंगरौली।** 1 मई से प्रारंभ हो रहे मकानो के गणना के संबंध में जिपं सीईओ जगदीश गोमे ने चार्ज अधिकारियों एवं जपनद पंचायतो के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों सहित पीसीओ के साथ व्हीसी के माध्यम से मकान गणना के संबंध में महत्वपूर्ण दिशा निर्देश देते हुयें कहा कि माकान गणना के दौरान संबंधित ग्राम पंचायतो के सचिव रोजगार सहायक आवश्यक रूप से प्रगणकों का सहयोग करें। ताकि प्रगणको को आसानी से मकान के क्रम संख्या की जानकारी मिल सके। उन्होनें यह भी निर्देशित किया कि जनगणना जैसे महत्वपूर्ण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नही होगी। अनिवार्य रूप से संबंधित पंचायतो के कर्मी प्रगणको को सहयोग प्रदान करें।

#### आईटीआई में कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव 29 को

**सिंगरौली।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सिंगरौली में 29 अप्रैल को प्रातः 10 बजे एक दिवसीय कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया जाएगा। इस ड्राइव में एल एण्ड टी, कांचीपुरम (चेन्नई) द्वारा सीएसटीआई पास अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा। शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान आईटीआई सिंगरौली में युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से 29 अप्रैल को कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित की जा रही है। इस ड्राइव में प्रतिष्ठित कंपनी एल एण्ड टी कांचीपुरम भाग लेगी, जो विभिन्न ट्रेड के आईटीआई उत्तीर्ण उम्मीदवारों का चयन करेगी। प्लेसमेंट ड्राइव के लिए पात्रता सभी इंजीनियरिंग एवं नॉन-इंजीनियरिंग ट्रेड के आईटीआई पास अभ्यर्थियों के लिए निर्धारित की गई है।




# फुलकेश में श्रीमद् भागवत कथा श्रद्धा और भक्ति का केंद्र बना

## श्रीमद् भागवत कथा के पंचम दिवस पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

नवभारत न्यूज

**चितरंगी 24 अप्रैल। ब्लॉक के ग्राम फुलकेश में भाजपा के वरिष्ठ नेता गुरु शीतलाधर द्विवेदी के निज निवास पर आयोजित श्रीमद् भागवत महापुराण कथा इन दिनों श्रद्धा और भक्ति का केंद्र बनी हुई है।**

कथा के पंचम दिवस पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित होकर भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का रसपान किया। इस अवसर पर जजमान गुरु सुखेंद्र धर द्विवेदी अपनी पत्नी माया द्विवेदी के साथ कथा श्रवण में शामिल हुए। कथा वाचक व्यास महाराज अरुण कृष्ण शास्त्री जी एवं आचार्य लड्डू कृष्ण शास्त्री ने पंचम दिवस की कथा में भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव का भावपूर्ण वर्णन किया। उन्होंने पूतना वध, बकासुर वध, आघासुर वध जैसे प्रसंगों के माध्यम से भगवान की दिव्य लीलाओं का विस्तार से वर्णन किया। कथा वाचक ने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण ने अपने भक्तों की रक्षा के लिए हर संकट का सामना किया और दुष्टों का संहार कर उन्हें भी मोक्ष प्रदान किया। कथा के दौरान व्यास महाराज ने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा केवल धार्मिक अनुष्ठान नही, बल्कि जीवन को सही दिशा देने का माध्यम है। इस दौरान लालाराम पांडेय, गैवी नाथ पाठक, सच्चिदानंद पांडेय, भुनेश्वर प्रताप सिंह, महेश प्रसाद वर्मा, भुवनेश्वर प्रसाद द्विवेदी, जिवेन्द्र मिश्रा, अरुण घर ज्ञानी, गुरु उर्मिला प्रसाद मिश्रा, गुरु गिरजाधर, राजेंद्र धर, अनंत धर द्विवेदी, सोमदेव ब्रह्म जिपं सदस्य, कांग्रेस ग्रामीण जिलाध्यक्ष सरस्वती सिंह, घनश्याम पाठक, संतोष पाठक, सुमित सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक एवं श्रद्धालु मौजूद रहे।

# महिलाओं के अधिकारों को रोकना विपक्ष की असली मानसिकता : रीती

## नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर भाजपा की पत्रकार वार्ता, विपक्ष पर साधा निशाना, 33 प्रतिशत आरक्षण पर राजनीति

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 24 अप्रैल। जिला भाजपा कार्यालय में आज शुक्रवार को नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर वृहद पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया।**




कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद एवं वर्तमान सीधी विधायक रीती पाठक ने विपक्षी दलों पर तीखा हमला बोला और महिलाओं के अधिकारों के मुद्दे पर उनकी नीयत पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि हाल ही में लोकसभा में जो घटनाक्रम हुआ, वह केवल संसदीय प्रक्रिया नहीं, बल्कि देश की आधी आबादी के अधिकारों से जुड़ा गंभीर विषय है। पाठक ने आरोप लगाया कि कांग्रेस, डीएमके और उनके सहयोगियों ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम को प्रभावी बनाने वाले 131वें संविधान संशोधन विधेयक को रोककर अपनी महिला विरोधी मानसिकता उजागर कर दी है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने की दिशा में यह एक ऐतिहासिक कदम था, जिसे राजनीतिक स्वार्थों के चलते बाधित किया गया। विपक्ष का जश्न हर महिला का अपमान है, उन्होंने कहा। पाठक ने कांग्रेस के इतिहास पर भी सवाल उठाते हुए शाहबानो प्रकरण, तीन तलाक और अनुच्छेद 370 से जुड़े मुद्दों का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा महिला हितों के खिलाफ रुख अपनाया है और अब भी वही रवैया जारी है। साथ ही आगे कहा कि देश की 70 करोड़ महिलाएं इस पूरे घटनाक्रम को देख और समझ रही हैं और आने वाले समय में इसका जवाब देंगी।

उन्होंने चेतावनी दी कि यह मुद्दा अब केवल संसद तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि जन-जन का विषय बनेगा। कार्यक्रम में विधायक रामनिवास शाह, जिला अध्यक्ष सुंदर शाह, ननि अध्यक्ष देवेश पाण्डेय सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# प्रशिक्षण में अनुपस्थिति 6 शिक्षकों के विरुद्ध निलंबन की कार्रवाई शुरू

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 24 अप्रैल। भारतीय जनगणना के महत्वपूर्ण चार-स्तरीय प्रगणक एवं पर्यवेक्षक प्रशिक्षण के तीसरे चरण का दूसरा दिन आज सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।**



राष्ट्रीय महत्व के इस कार्य में लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों के विरुद्ध जिला प्रशासन और जनगणना विभाग ने कड़ा रुख अपनाते हुए अनुशासनात्मक कार्रवाई की है। आज के प्रशिक्षण सत्र में कुल 102 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, जिन्हें मास्टर ट्रेनर्स द्वारा डिजिटल डेटा प्रविष्टि, तकनीकी बारीकियों और फील्ड वर्क के दौरान आने वाली चुनौतियों के समाधान के बारे में विस्तार से समझाया गया। प्रशिक्षण सत्र में बिना किसी पूर्व सूचना के अनुपस्थित रहने वाले 6 पर्यवेक्षकों एवं प्रगणकों के विरुद्ध विभाग ने सख्त रुख अपनाया है। जनगणना अधिकारी द्वारा इन सभी को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। प्रशिक्षण की गुणवत्ता और व्यवस्थाओं का जायजा लेने जनगणना अधिकारी हुसैन अली पूरे समय उपस्थित रहे। उनके साथ जिला जनगणना अधिकारी ज्योति सिंह ने भी प्रशिक्षण स्थल का सघन निरीक्षण किया।

# सिंगरौली में व्याप्त भ्रष्टाचार पर कम्युनिस्ट पार्टी का हमला

नवभारत न्यूज



**सिंगरौली 24 अप्रैल। जिले की विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर कम्युनिस्ट पार्टी के नेता संजय नामदेव ने प्रेस वार्ता कर प्रशासन और सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार, खनन, प्रदूषण और प्रशासनिक व्यवस्था से जुड़े कई मुद्दों को उठाते हुए सुधार की मांग की।**

संजय नामदेव ने जिला चिकित्सालय सह ट्रामा सेंटर की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि सरकारी अस्पतालों में मरीजों को पर्याप्त सुविधाएं नहीं मिल रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ डॉक्टर सरकारी सेवाओं के साथ निजी अस्पतालों को प्राथमिकता दे रहे हैं, जिससे आम मरीजों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि गरीब, मजदूर और मध्यम वर्ग के लोगों का आर्थिक शोषण हो रहा है। वंदना हॉस्पिटल मामले का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि जिम्मेदार अधिकारियों ने नोटिस जारी किया, लेकिन उसके बाद क्या कार्रवाई हुई, इसकी जानकारी सार्वजनिक नहीं की गई।

# स्वैच्छिक रक्तदान में 53 यूनिट रक्तदान का हुआ संग्रहण

## संत निरंकारी मिशन ने मानव एकता दिवस पर विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 24 अप्रैल। मानवता के मसीहा बाबा गुरुबचन सिंह की पावन स्मृति में मानव एकता दिवस के अवसर पर संत निरंकारी मिशन, जिला सिंगरौली द्वारा एक विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।**



यह शिविर संत निरंकारी सत्संग भवन ढोटी में संत निरंकारी मिशन सिंगरौली एवं इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी सिंगरौली के संयुक्त तत्वाधान में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सिंगरौली विधायक रामनिवास शाह, रेडक्रॉस सोसाइटी सिंगरौली के चेयरमैन एसडी सिंह एवं संत निरंकारी मंडल सिंगरौली के जिला संयोजक नरेश शाह की उपस्थिति एवं मार्गदर्शन में हुआ। बाबा हरदेव सिंह के प्रेरणादायक संदेश श्रक्त नालियों में नहीं, नाड़ियों में बहाया जाए से प्रेरित होकर श्रद्धालुओं एवं सेवादारों ने मानव कल्याण के इस पुनीत कार्य में उत्साहपूर्वक भाग लिया। रक्तदान शिविर के प्रथम चरण में कुल 53 यूनिट रक्त का सफलतापूर्वक संग्रहण किया गया, जिसमें महिलाओं सहित भक्तों एवं सेवादारों ने निःस्वार्थ भाव से स्वैच्छिक रक्तदान किया। रक्तदान के उपरांत सभी रक्तदाताओं को प्रशंसा प्रमाण पत्र प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। इसके अतिरिक्त सुंदरलाल शाह, अरविंद सिंह चंदेल, राम शिरोमणि शाहवाल, बृजेश शाह एडवोकेट, डॉ. आरडी पाण्डेय सहित अन्य सहभागी बने।

# रेनुसागर का विशेष नि :शुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित

नवभारत न्यूज

**अनपरा 24 अप्रैल। हिंडालको इंडस्ट्रीज लिमिटेड रेनुसागर के यूनिट हेड आरपी सिंह के मार्गदर्शन एवं हेड एचआर आशीष पांडेय के निर्देशन में ग्रामीण विकास विभाग रेनुसागर द्वारा सीएसआर के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय, पूर्वी परासी में एक विशेष निःशुल्क चिकित्सा शिविर का सफल आयोजन किया गया।**



शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने पहुंचकर निःशुल्क पंजीकरण कराते हुए स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। नगर पंचायत अनपरा के चेयरमैन विश्राम प्रसाद बैसवार ने चिकित्सा शिविर में पहुँच कर रेनुसागर द्वारा दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति आभार जताया। शिविर में कुल 169 से अधिक लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा सभी मरीजों को निःशुल्क दवाइयों का वितरण भी किया गया। इस अवसर पर ग्रामीण विकास विभाग के प्रभारी संजीव कुमार श्रीवास्तव ने उपस्थित मरीजों एवं गणमान्य नागरिकों का स्वागत कर विशेष चिकित्सा शिविर पर प्रकाश डाला।

# मुडवानी डैम के पास मिला अज्ञात व्यक्ति का शव

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 24 अप्रैल। मोरवा थाना क्षेत्र अंतर्गत मोरवा-जयंत मुख्य मार्ग पर मुडवानी डैम से कुछ सौ मीटर पहले आज शुक्रवार की सुबह सड़क किनारे लगभग 50 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई।**



जानकारी के अनुसार सुबह करीब 10 बजे एनसीएल की पेट्रोलिंग में लगे एक गार्ड ने सड़क किनारे शव पड़ा देखा और इसकी सूचना तुरंत मोरवा पुलिस को दी। सूचना मिलते ही मोरवा थाना प्रभारी डॉ. ज्ञानेंद्र सिंह के निर्देश पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने मौके पर पंचनामा कार्रवाई कर शव को कब्जे में लिया और सुरक्षित मोर्चरी में रखवा दिया। प्रारंभिक जांच में पुलिस का अनुमान है कि व्यक्ति की मौत करीब 24 घंटे पहले हुई होगी। पुलिस के अनुसार प्रथम दृष्टया मौत का कारण लू लगना प्रतीत हो रहा है, हालांकि वास्तविक कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा।

# रात्रि में बस स्टैंड पहुंचीं ननि आयुक्त, गंदगी और अव्यवस्थाओं पर सख्त कार्रवाई

## ननि आयुक्त ने स्वास्थ्य अधिकारी को दी नोटिस, स्वच्छता निरीक्षक के निलंबन के निर्देश, प्रकाश व सफाई सुधारने के दिए आदेश

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 24 अप्रैल। शहर की व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के उद्देश्य से ननि आयुक्त सविता प्रधान ने गुरुवार की देर रात बस स्टैंड बैढ़न का औचक निरीक्षण किया।**

निरीक्षण के दौरान बस स्टैंड परिसर में व्याप्त गंदगी, अपर्याप्त प्रकाश व्यवस्था और मूलभूत सुविधाओं की कमी पर उन्होंने गहरी नाराजगी जताई। आयुक्त ने मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को फटकार लगाते हुए व्यवस्थाओं में तत्काल सुधार के निर्देश दिए। बस स्टैंड में सफाई व्यवस्था बदहाल मिलने पर आयुक्त ने कड़ा रुख अपनाया। उन्होंने उपायुक्त आरपी बैंस को निर्देशित किया कि स्वास्थ्य अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी किया जाए। साथ ही संबंधित स्वच्छता निरीक्षक को निलंबित करने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि सार्वजनिक स्थलों की स्वच्छता नगर निगम की प्राथमिक जिम्मेदारी है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने सुलभ शौचालय की स्थिति भी देखी, जो संतोषजनक नहीं पाई गई। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन यंत्री संतोष पांडेय, उपायुक्त आरपी बैंस, स्वास्थ्य अधिकारी बीजी चतुर्वेदी, स्वच्छता निरीक्षक विशाल सोनी सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।



### मल्हार पार्क में कराएं पेंटिंग

आयुक्त ने मल्हार पार्क के सौंदर्यीकरण कार्य की भी समीक्षा करते हुए वहां पेंटिंग कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शहर के सार्वजनिक स्थलों को आकर्षक और व्यवस्थित बनाना नगर निगम की जिम्मेदारी है। स्वच्छता के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने पर जोर देते हुए आयुक्त ने निर्देशित किया कि डेली स्वच्छता वाहनों के माध्यम से नियमित अनाउंसमेंट कराया जाए। साथ ही बस स्टैंड परिसर की सभी दुकानों में डबल डस्टबीन अनिवार्य रूप से रखने के निर्देश दिए, ताकि कचरे का पृथक्करण और निस्तारण सही तरीके से हो सके। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि नगर निगम के निर्देशों का पालन नहीं किया गया तो संबंधित अधिकारियों और दुकानदारों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की जाएगी। आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि निरीक्षण में पाई गई कमियों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र दूर कर नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए।